सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **106**
28/01/2026

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान दरभंगा जिले को दी बड़ी सौगात, 138 करोड़ रुपये की लागत से 90 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

- दरभंगा जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**पटना, 28 जनवरी 2026** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने दरभंगा शहर के दिल्ली मोड़ स्थित निर्माणाधीन अंतर्राज्यीय/अंतर्राष्ट्रीय बस स्टैंड की प्रगति कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दरभंगा बस स्टैंड का पुनर्विकास कार्य के तहत यहां G+4 कार्यालय भवन, कॉन्कोर्स, प्लेटफॉर्म, रखरखाव डिपो, पार्किंग और फुटपाथ, शौचालय ब्लॉक, एस0टी0पी0–700 किलोलीटर, बाउंड्री विकास, कैंपस विकास और प्रकाश व्यवस्था सहित हर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करायी जा रही है। यह काम अगल दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से आगे बढ़ रहा है, इसके तहत दरभंगा शहर के दोनार चौक के पास आर0ओ0बी0 का निर्माण, शोभन डैम–मकिया पथ का निर्माण। शोभन बाइपास पर प्रस्तावित एम्स तक फोरलेन पहुंच पथ के निर्माण कार्य सहित शोभन–एकमी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूती कार्य, दरभंगा–कुशेश्वरस्थान पथ से धबौलिया (कुशेश्वर स्थान फूलतोड़ा घाट पथ) तक बाइपास पथ का निर्माण, मिथिला शोध संस्थान का आधुनिकीकरण एवं संरक्षण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त दरभंगा रेलवे स्टेशन से आमस–दरभंगा एक्सप्रेस–वे वाया दोनार चौक, कर्पूरी चौक तथा कर्पूरी चौक से एकमी चौक वाया लहेरियासराय चौक एवं लोहिया चौक तक अपग्रेडेशन/उन्नयन तथा एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण, बाबा कुशेश्वरस्थान का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य, अहिल्यास्थान का विकास कार्य, अहिल्यास्थान के विकास हेतु भू–अर्जन कार्य, गंगा सागर, हराही एवं दिग्घी तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य के साथ ही गंगा सागर, हराही एवं दिग्घी तालाब का एकीकृत विकास कार्य प्रारंभ हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी विकास कार्यों को बेहतर ढंग से पूर्ण करायें। इन कामों के पूरा होने से दरभंगा जिला का काफी विकास होगा। साथ ही लोगों के लिए काफी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री ने दरभंगा हवाई अड्डा के पास निर्माणाधीन सिविल एनक्लेव का निरीक्षण किया तथा लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब निर्माण हेतु चिन्हित भू–खंड का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह चिन्हिंत भूखंड दरभंगा सदर अंचल के अंतर्गत है, जिसका रकबा 50 एकड़ है।

जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सब कामों के पूरा होने से आवागमन काफी सुगम होगा। लोग कहीं से भी कम समय में सहूलियतपूर्वक दरभंगा पहुंच सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने आमस–दरभंगा पथ परियोजना के कैंप कार्यालय के समीप आमस–दरभंगा पथ के प्रगति कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि आमस–दरभंगा पथ परियोजना दो आर्थिक गलियारों, एन0एच0–02 और एन0एच0–57 (नया एन0एच0–27) के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। बिहार राज्य के भीतरी हिस्सों की पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर पूर्वी राज्यों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यह परियोजना लंबी दूरी की यातायात और माल ढुलाई की दक्षता में सुधार करने में मदद करेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह परियोजना काफी महत्वपूर्ण है। इसके पूरा होने से उद्योग, निवेश, छोटे व्यवसाय, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस परियोजना को लक्ष्य के अनुरुप अच्छे ढंग से पूर्ण कराएं।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा परिसर अवस्थित नागेंद्र झा स्टेडियम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री 23 हजार 3 सौ 84 जीविका स्वयं सहायता समूह एवं समूह से संबंधित कुल 93 हजार 536 जीविका दीदियों को बैंक से क्रेडिट लिंकेज के रुप में प्राप्त वित्तीय सुविधा हेतु 311 करोड़ 79 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति योजना, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक तथा बैट्री चालित ट्राईसाईकिल की चाभी आदि लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नागेंद्र झा स्टेडियम के प्रांगण में रिमोट के माध्यम से दरभंगा जिलान्तर्गत 138 करोड़ की लागत से कुल 90 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इनमें 105 करोड़ रुपये की लागत से 50 योजनाओं का शिलान्यास एवं 33 करोड़ रुपये की लागत से 40 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है।

जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद श्री संजय कुमार झा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री संजय सरावगी, विधायक श्री जिवेश कुमार, विधायक श्री विनय कुमार चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री हिमांशु कुमार राय, दरभंगा प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार तिवारी, जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जगुन्नाथ रेड्डी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******